







# उमस भरी गर्मी के बीच झमाझम बारिश से मिली राहत

## दिन का अधिकतम तापमान 39 .4 डिग्री, दिन भर छाये रहे बादल, जिले में अब तक 12 .2 मि .मी औसत वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, प्री-मानसून जिले में सक्रिय हो चुका है दो दिन झमाझम बारिश के बाद शुक्रवार को भी दोपहर तेज आंधी के साथ बारिश हुई. उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के साथ रात में मौसम ठंड रहा. जिले में अब तक 12.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है. मानसून भले ही दस्तक नही दिया है लेकिन बारिश से राहत जरूर मिली है.**



गौरतलब है कि बुधवार को तेज बारिश हुई थी उसके बाद शुक्रवार को दोपहर तक अच्छी खासी धूप थी और अचानक 1 बजे के बाद तेज गरज और आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई. हवा के साथ बारिश तेज थी जिसके चलते लोगो के घरो तक पानी पहुंच गया. वही शहर की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई. मलवे से पटी नालियां उफान पर आ गई. इस समय नगर निगम कमिश्नर वार्डो का निरीक्षण कर जलभराव क्षेत्रों का जायजा ले रहे है लेकिन एक घंटे की बारिश में ही नालियां उफान पर आ गई और सड़को में घुठने तक पानी भर गया. मानसून आने के बाद जब झमाझम बारिश होगी तो बाढ़ जैसे हालात बनेगे. दोपहर तक भारी उमस थी लेकिन बारिश के बाद राहत मिली है. दिन का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री आका गया. रूक-रूक कर हो रही बारिश से किसानो ने बोनी की तैयारी खेतो में शुरू कर दी है. इस समय किसान गहरी जुताई कर रहे है और मानसून सक्रिय होने के बाद बोनी का काम शुरू हो जाएगा. हालाकि इस बार मानसून भी लेट और खरीफ की बोनी भी. रीवा जिले की सभी तहसीलों में मानसून पूर्व की वर्षा शुरू हो गई है. सभी तहसीलों में तेज हवाओं तथा गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है. जिले में एक जून से अब तक कुल 12.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. जिले में 19 जून को हुजूर तहसील में 8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. अब तक तहसील हुजूर में 27.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 4 मिलीमीटर, सिरमौर में 2 मिलीमीटर, सेमरिया में 16 मिलीमीटर, मनगवां में 8 मिलीमीटर तथा जवा में 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 34.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

## दूषित पानी पीने को विवश

**रीवा, 19 जून,** शहर की सिरमौर चौराहा स्थित रीवा सुधार न्यास कॉलोनी में नगर पालिक निगम के द्वारा की जा रही नल जल आपूर्ति में गंदे और बदबूदार पानी की समस्या का निवारण लम्बे समय से नहीं हो पा रहा है. स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन सुबह शाम जब नल का पानी आता है तो उसमें शुरुआती दौर में काफी गंदगी और बदबू होती है. पानी का फोर्स बढ़ने पर गंदगी कम हो जाती है. ऐसी स्थिति में पीने का पानी बाहर से खरीदना पड़ता है. लंबे समय से कॉलोनी के स्थायी निवासी आयकर अधिवक्ता कादिर खान का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय लोगों को साफ सुथरा पानी नहीं मिल रहा है. मजबूर होकर कंटेनर पानी खरीदना पड़ रहा है. यदि कभी कंटेनर नहीं आता तो बाजार से बोतल का पानी खरीदना पड़ता है. इसके चलते अनावश्यक खर्च बढ़ जाता है. दूषित पानी से राहत नही मिल रही है.



# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने नीट परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा 21 जून को आयोजित की जा रही है. परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी. परीक्षा के लिए रीवा में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. इनमें 5399 परीक्षार्थी शामिल होंगे.**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें. परीक्षार्थियों को केवल प्रवेश पत्र, एक फोटो, पेन, आधार कार्ड की छायाप्रति और पारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की ही अनुमति है. परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए मॉडल साइंस कालेज में बैठने की व्यवस्था की गई है. यहीं वाहनों की पार्किंग भी कराएं. परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष के अलावा सभी के मोबाइल फोन बंद रहेंगे. परीक्षार्थियों के मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री रखने के लिए सुरक्षित कक्ष उपलब्ध कराएं. मौके पर उपस्थित प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी ने प्रवेश परीक्षा के लिए कालेज में किए गए प्रबंधों की जानकारी दी. निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, पुलिस अधिकारी तथा नोडल अधिकारी उपस्थित रहे.

# गुढ़-बदवार पहुंचा हाथी, ग्रामीण दहशत में

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, जंगल से भटके हुए हाथी पिछले कई माह से रीवा, सतना, सीधी में भटक रहे है. रीवा के गुढ़ तहसील अन्तर्गत ग्राम बदवार-बरसैता एवं ड़ढवा गांव में देर रात्रि एक हाथी देखा गया.**



जिसने कई घरो की बाउंड्रीवाल गिरा कर नुकसान किया. स्थानीय लोगो ने हल्ला गुहार लगाकर हाथी को आगे खदेड़ दिया. रात के बाद सुबह हाथी जल्दर गांव में देखा गया. वन विभाग को सूचना दी गई, मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने हाथी को आगे खदेड़ा और स्थानीय लोगो को दूर रहने की हिदायत दी. गौरतलब है कि दो हाथियों का जोड़ा पिछले कई माह से भटक रहा है. पहले शहडोल जिले में थे उसके बाद सीधी होते हुए रीवा और सतना में नजर आए. अभी तीन दिन पूर्व मऊगंज जिले में घूम रहे थे और अब रीवा के गुढ़ तहसील में एक हाथी देखा गया है. दो हाथी एक साथ थे लेकिन सुबह ग्रामीणों ने केवल एक हाथी को देखने की बात बताई है. माना जा रहा है कि सीधी जंगल की ओर हाथी दोपहर निकल गया.

# मुख्य सचिव 25 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, मुख्य सचिव अनुराग जैन 25 जून को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे.**

बैठक में स्वास्थ्य एवं कुपोषण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा जनजातीय कार्य, स्कूल शिक्षा विभाग, सुशासन, कानून और व्यवस्था, खाद्यान्न वितरण, ई सेवा पोर्टल, ज्ञान भारतम अभियान, अवैध खनिज खनन और परिवहन पर कार्रवाई तथा अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित संभागीय अधिकारियों को जानकारी के साथ कमिश्नर कार्यालय सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होने के निर्देश दिए हैं.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री योग दिवस कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा, .** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा. योग दिवस का



जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल योग दिवस कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होंगे. समारोह में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा आमजन शामिल होकर योग से निरोग काया का संदेश देंगे.



### बंदियों द्वारा किया जा रहा योगाभ्यास

**रीवा,** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व केन्द्रीय जेल रीवा में बंदियों द्वारा योगाभ्यास किया जा रहा है. बंदियों द्वारा मधुर संगीत की धुन में सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, कपालभाति, प्राणायाम सहित अन्य योग क्रियाएं की जा रही हैं. जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सेंट्रल जेल में 15 जून से लगातार बंदियों को सामूहिक योगाभ्यास कराया जा रहा है. सेंट्रल जेल में योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग माध्यम से किया. सेंट्रल जेल में 21 जून विश्व योग दिवस तक सामूहिक योग के योगाभ्यास के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं. इसकी मानीटरिंग वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिदिन की जा रही है. महिला बंदियों को योग साधिका सुश्री राधे चौरसिया एवं रचना चौरसिया द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है. सामूहिक योगाभ्यास के बाद भजन एवं गीत-संगीत का भी आयोजन किया जा रहा है.




### विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया

**रीवा, 19 जून,** मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और नशा-मुक्ति अभियान के तहत, रीवा के कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया गया. इस जागरूकता कार्यक्रम का मकसद छात्रों का ध्यान तंबाकू की महामारी की ओर खींचना था. डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी ने छात्रों का ध्यान तंबाकू कंपनियों के धोखेबाज़ बिजनेस और मार्केटिंग के तरीकों की ओर दिलाया, खासकर उन तरीकों की ओर जिनसे वे फ्लेवर्ड प्रोडक्ट्स के जरिए युवाओं को इसकी लत लगाने की कोशिश करती हैं. एनएसएस इंचार्ज डॉ. मनीषा द्विवेदी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के असरदार उपायों जैसे स्मोक-फ्री सार्वजनिक जगहें, तंबाकू पर ज़्यादा टैक्स और विज्ञापनों पर पूरी तरह रोक को बढ़ावा देकर पॉलिसी में बदलाव की वकालत करने की ज़रूरत पर जोर दिया. डॉ. राधा सिंह, डॉ. दिव्या सिंह और छात्रों ने इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया.

# सामाजिक संगठनों से योग दिवस में सहभागिता की अपील

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा. रीवा में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित किया जा रहा है.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे. कार्यक्रम सुबह 6 बजे आरंभ होगा. विश्व योग दिवस कार्यक्रम से हर व्यक्ति को जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा औद्योगिक संस्थानों से विश्व योग दिवस में सहभागिता की अपील की है. आयुष अधिकारी ने कहा है कि सभी संगठन और संस्थाएं योगा डॉट आयुष डॉट जीओभी डॉट इन/योगा संगम वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा लें. इस पर दी गई गूगल शीट में अपनी संस्था की ओर से सामूहिक योगाभ्यास में 21 जून को शामिल होने वाले प्रतिभागियों की जानकारी दर्ज कराएं.

# रोजगार मेले में 305 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में एम.पी. बिरला आई.टी.आई. रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया.**

मेले में 497 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 23 कंपनियों ने 305 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में टी.एस.पी.एल. रंजनगांव पुणे में 15, देखभाल रीवा में 19, मिंडा अरीका प्रा. लि. मानेसर गुरूग्राम में 10, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 30, एच.डी.एफ.सी. लाइफ इंश्योरेंस रीवा में 5, सिटी कार प्रा. लि. सतना में 13, प्रभा बायो प्लांटस प्रा. लि. रीवा में 8, एसएमआर ऑटो मोटिव प्रा. लि. में 4, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 22, बजाज लाईफ इंश्योरेन्स रीवा में 16, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर में 22, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर में 11, सिपेट भोपाल में 19, वायर हार्नेस कंपनी अहमदाबाद में 19, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल में एक, वेयर हाउस (फ्लिप कार्ट, ब्लंकिट, स्वीगी) में 8, जैबिल सर्किट इंडिया लिमिटेड में 29, इनोवेशन इंडियो लि. रीवा में 3, केपी ग्रीन इंजीनियरिंग लि. सोलर में 14, एमआरएफ टायर्स कंपनी हैदराबाद में 13, टाटा मोटर प्रा. लि. अहमदाबाद में 16, टाटा ऑटोकाम्प प्रा. लि. गुजरात में 10 तथा यूनो मिण्डा लि. पुणे में 8 युवाओं का चयन किया गया. रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, एमपी बिरला आईटीआई रीवा एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रीवा के अधिकारियों, कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. हर माह रोजगार मेला लगाया जाता है जहा बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाता है, जल्द ही अगला मेला लेगा.

# संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में गूंजा विंध्य के रचित मिश्रा का स्वर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना विकसित भारत युवा संसद का राष्ट्रीय स्तर का आयोजन संविधान संदन केन्द्रीय कक्ष नई दिल्ली में किया गया.**



मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए रीवा के प्रतिभाशाली युवा रचित मिश्रा ने अपनी वक्तृत्व कला से विन्ध्य क्षेत्र और पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया. अपने संबोधन में रचित ने 'नारी शक्ति वंदन एवं विकसित भारत' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति सदैव नारी शक्ति को सृजन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मानती रही है. उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और स्वराज के स्वप्न के पीछे राजमाता जीजाबाई के संस्कारों और दूरदृष्टि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.


सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया और आधुनिक भारत में डॉ. ऋतु करिधाल जैसी वैज्ञानिकों ने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है. उन्होंने कहा, 'नारी केवल समाज की सहभागी नहीं, बल्कि परिवर्तन और विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति है. विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह राष्ट्र सदैव नारी शक्ति के नेतृत्व, संकल्प और योगदान से आगे बढ़ता रहेगा. कार्यक्रम के संबंध में श्री मिश्रा ने बताया कि मेरे जीवन के लिए यह एक अद्भुत और स्वप्न साकार होने जैसा अनुभव है.

# न्यू बस स्टैण्ड से लापता हुए युवक का नहीं लगा कोई सुराग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत कोनी निवासी एक युवक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है.**

परिजनों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस थाने में आवेदन देने के बावजूद उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई. लापता युवक राजेश पांडेय पिता सोहन लाल पांडेय निवासी कोनी, 18 जून को रीवा स्थित न्यू बस स्टैंड से अचानक लापता हो गए. मामले की शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुँचे उनके साले ब्रजेश प्रसाद मिश्रा ने बताया कि राजेश पाण्डेय 17 जून को शाम 4 बजे जैन धर्मशाला में रुके थे. 18 जून की सुबह 8 बजे वे धर्मशाला से निकले और बस स्टैंड पहुँचकर अपनी पत्नी ज्ञानवती पांडेय से फोन पर बात की उसके बाद उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ बता रहा है.



# घर में घुसा गोह, सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा वन अमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, बरसात का मौसम शुरू हो गया है आपदा प्रबंधन की तैयारी प्रशासन ने कर ली है. जहरीले जीव जंतु लोगो के घरो में घुसने लगे है. लेकिन वन अमला पूरी तरह से लापरवाह और नाकारा साबित हो रहा है. एक घर में गोह (गोयरा) घुस गया, सुबह 11 बजे से लोग वन विभाग के रेंजर को फोन पर फोन लगाते रहे लेकिन रात तक वन अमले की टीम रेस्क्यू करने नही पहुंची.**

इससे यह साबित होता है कि आपदा को लेकर वन विभाग कितना संजीदा है. दरअसल शहर के नेहरू नगर हनुमान पार्क स्थित मकान नं. एलआईजी 3/239 के बाथरूम में गोह घुस गया, जिसके बाद घर में हडकम्प मच गया. घर के लोग ड़र कर दरवाजा बंद कर दिये और फोटो-वीडियो बना ली. जिसके बाद वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई. दोपहर 12 बजे रेंजर अम्बुज पाण्डेय को सूचना दी गई, लेकिन कोई टीम नही पहुंची. शाम तक बार-बार रेंजर श्री पाण्डेय से रेस्क्यू टीम भेजने की गुहार लगाई गई. लेकिन कान में जूं तक नही रेंगी, बाद में मीडिया भी सक्रिय हुई और जानकारी दी. उसके बाद भी वन विभाग की टीम नही पहुंची. शाम 6.30 बजे एक फोन जरूर पहुंचा सलाह देने कि दरवाजा खोल दो. रात तक वन विभाग की रेस्क्यू टीम घर तक नही पहुंची. इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपदा को लेकर वन विभाग और रेंजर कितने लापरवाह है. कोई भी हादसा हो सकता था.

# वार्ड में पहुंचे निगम आयुक्त ने जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने शुक्रवार को शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14 एवं 16 का भ्रमण किया.**



इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, जलभराव वाले क्षेत्रों तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान विभिन्न वार्डों में नालियों की सफाई, सीवरेज लाइन, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं रोड रेस्टोरेशन कार्यों से संबंधित समस्याओं से निगम आयुक्त को अवगत कराया गया, निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने वार्डों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. वार्ड 11 में भ्रमण के दौरान इंदिरा नगर में गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण की शिकायत पर संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए. मॉडल स्कूल के पास जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा. तिलक नगर में सीवेज कार्य के उपरांत शीघ्र रोड रेस्टोरेशन कराने तथा बगीचे के पास सीवर ओवरफ्लो की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए. वार्ड 12 में सीवेज लाइन के प्रॉपर रेस्टोरेशन एवं इंटरकनेक्शन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण में अधिकारियों का दल मौजूद रहा.

## पूर्व सांसद की पुण्यतिथि आज

**रीवा, 19 जून,** पूर्व सांसद तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय यमुना प्रसाद शास्त्री की 29वीं पुण्यतिथि 20 जून को मनाई जाएगी. इस अवसर पर नेत्रहीन महाविद्यालय तोपखाना बिछिया में सुबह 9 बजे से प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है. विद्यालय में सुबह 11 बजे से आयोजित विचार गोष्ठी में शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा.

# लापता युवती का कुंए में मिला शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक कुएं में युवती का शव मिला है. सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ टीम मौके पर पहुंची.**

करीब दो घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया. परिजनों ने युवती की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है. सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक कुएं में युवती का शव दिखाई देने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ टीम को मौके पर भेजा गया. टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब 9 बजे शव को कुएं से बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया. पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान दिपाली कोरी उम्र 21 वर्ष (परिवर्तित नाम) के रूप में हुई है. शव बरामद होने के दौरान युवती का मुंह कपड़े से बंधा हुआ मिला. परिजनों ने बताया कि 13 जून को दोपहर करीब 12 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद से वह लापता थी. मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की हत्या की गई है.